अल्लाह तआला ने मुझे आदेश दिया है कि तेरे सामने ' لم يكن पढ़ूँ।' ...الذين كفروا

अनस बिन मालिक - रज़ियल्लाहु अन्हु- कहते हैं कि अल्लाह के रसूल- सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने उबै बिन कअब- रज़ियल्लाहु अन्हु- से कहाः अल्लाह तआला ने मुझे आदेश दिया है कि तेरे सामने ' لم يكن الذين كفروا... 'पढ़ूँ। उन्होंने पूछा कि क्या अल्लाह ने मेरा नाम भी लिया है?" फ़रमायाः "हाँ!" यह सुनकर उबै- रज़ियल्लाहु अन्हु- रो पड़े। तथा एक रिवायत में हैः उबै- रज़ियल्लाहु अन्हु- रोने लगे। [सह़ीह़] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।]

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/3601